कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर

(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अंतर्गत)

बैठक-कार्यवृत्त

आज दिनांक-07.01.2026 को जनपद हमीरपुर में संचालित स्थायी लोक अदालत में पेशकार, आशुलिपि व चपरासी की नियुक्ति हेतु गठित समिति के सदस्यों की बैठक माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की अध्यक्षता में की गयी।

शासनदेश संख्या-02/2018/661/सात—न्याय—2018—47/2022 दिनांक 30.01.2018 के अनुसार प्रशासनिक आदेश संख्या 60/जी-एफ-06-2023 दिनांकित मार्च 18, 2023 एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र सं0-3265/एसएलएसए-05/2002 (हैदर) दिनांक 16.10.2025 के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के अन्तर्गत स्थायी लोक अदालत हेतु (जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रट से सेवानिवृत्त कर्मियों से) अधिकतम 02 वर्ष के लिये निर्धारित मानदेय के आधार पर 01 पेशकार, 01 आशुलिपिक व 01 चपरासी के पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 13.11.2025 को विज्ञापन एवं जनपद न्यायालय की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन सूचना के जरिये आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि कमेटी द्वारा दिनांक 05.01.2026 निर्धारित की गयी थी। उक्त के सापेक्ष पेशकार हेतु 01 आवेदन पत्र, आशुलिपिक व चपरासी हेतु एक भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुये है।

उपरोक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आज दिनांक 05.01.2026 तक प्राप्त आवेदन पर आवेदकों के साक्षात्कार हेतु दिनांक 12.01.2026 नियत की जाती है। आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेजों के सात साक्षात्कार हेतु दिनांक 12.01.2026 को स्थायी लोक अदालत/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर में समय सायं 04.00 बजे उपस्थित हों। साक्षात्कार की सूचना हेतु प्रति सिस्टम ऑफिसर को जनपद न्यायालय हमीरपुर की अधिकारिक वेबसाइट एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित की जाये तथा कार्यालय लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर आवेदकों को उक्त साक्षात्कार की सूचना आवेदन में लिखित आवेदकों के मोबाइल नम्बर पर संदेश/कॉल द्वारा सूचित करें। सूचना की प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायालय के सूचना बोर्ड पर भी चस्पा की जाये।

सर्व सम्बन्धित सूचित हो।

07/01/2026

(श्री महेन्द्र कुमार पाण्डेय)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
हमीरपुर।
सदस्य चयन समिति

07-01-2026

(श्री प्रमोद कुमार IV)
अध्यक्ष,
स्थाई लोक अदालत,
हमीरपुर।
सदस्य चयन समिति

07/01/26

(श्री मनोज कुमार राय)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
हमीरपुर।
अध्यक्ष चयन समिति

प्रतिलिपि-

1. कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर।
2. जिला सूचना अधिकारी, हमीरपुर।
3. दीवानी न्यायालय एवं ए0डी0आर0 भवन की सूचना पर चस्पा किये जाने हेतु।
4. सिस्टम अधिकारी कम्प्यूटर जनपद न्यायालय, हमीरपुर।